कार्यालय वन संरक्षक, उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखंड, अल्मोड़ा।
Email : cfkumaon_north@rediffmail.com , ☎ (05962) 231099 Fax : 230397

पत्रांक –1274 / 12–1 (2) अल्मोड़ा, दिनांक, 25/11/ 2024.

सेवा में,

प्रमुख वन संरक्षक / नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, इन्दिरा नगर, फारेस्ट कालोनी,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषय :– जनपद– पिथौरागढ़ के राज्य योजना के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र डीडीहाट के अन्तर्गत तिलाडी से सेरा तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 3.02 है0 वन भूमि गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन के सम्बन्ध में। प्रस्ताव सं0– 46681 / 2020।

सन्दर्भ :– भारत सरकार की पत्र सं0 8बी0 / यू0सी0पी0 / 06 / 79 / 2021 / एफ0सी0 / दिनॉक 31.03.2023 ।

महोदय,

उपरोक्त विषयगत संदर्भित पत्र के कम मे भारत सरकार द्वारा जनपद– पिथौरागढ़ के राज्य योजना के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र डीडीहाट के अन्तर्गत तिलाडी से सेरा तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 3.02 है0 वन भूमि गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन के सम्बन्ध में प्रस्ताव सं0– 46681 / 2020 में लगाई गई आपत्तियों का निराकरण प्रभागीय वनाधिकारी, पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ़ के पत्रांक 2332 / 12–1 दिनांक 13.11.2024 द्वारा प्रस्तावित स्थल का संयुक्त निरीक्षण आख्या वृत्त स्तर को प्रेषित किया गया है, जिसे मूल तीन प्रतियों मे आपको सूचनार्थ प्रेषित किया जा रहा है। कृपया अग्रेत्तर कार्यवाही करना चाहें।

संलग्न– तीन प्रतियों में।

भवदीय

(डॉ धीरज पाण्डेय)
मुख्य वन संरक्षक / वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा।

216 ...
21 NOV 2024

कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ़ ।

E-mail: dfopithoragarh@rediffmail.com; Fax/☎ 05964-225234

पत्रॉकः— 2332 /12—1 दिनांक, पिथौरागढ़, 13, नवम्बर, 2024 ।

सेवा में,

वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त,
उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा।

विषयः— **जनपद पिथौरागढ़ के राज्य योजना के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र डीडीहाट के अंतर्गत तिलाड़ी से सेरा तक मोटर मार्ग के नव निर्माण हेतु 3.02 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लो0नि0वि0 को प्रत्यावर्तन (प्रस्ताव सं0 46681/2020)।**

सन्दर्भः— **भारत सरकार की पत्र सं0 8बी/यू0सी0पी0/06/79/2021/एफ0सी0/1913 दिनांक 31.03.2023।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक प्रकरण में भारत सरकार के सन्दर्भित पत्र के कम में प्रस्ताव को तिलाड़ी से दुबतड़ तक ही निर्मित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था, जिस कम में प्रस्तावक विभाग द्वारा निम्नवत आख्या प्रस्तुत की गयी है—

"यह मोटर मार्ग सानदेव चौबाटी मुवानी मोटर मार्ग के किमी0 11 से निकलने वाले चौबाटी—तिलाड़ी मोटर मार्ग के अन्तिम बिन्दु किमी0 2 से प्रारम्भ होकर तिलाड़ी, दुबतड़, सेरा सुनाली आदि गांवों से होकर गुजरता है, जिनकी आबादी 414 है। उक्त मोटर मार्ग में दुबतड़, तिलाड़ी के अन्तर्गत छोटे तोक मार्ग से जुड़ रहे हैं। वर्तमान में तिलाड़ी एवं सेरा मोटर मार्ग से संयोजित है, परन्तु लखतीगांव, सेरासुनाली आदि ग्रामों को चौबाटी, मुवानी, डीडीहाट जाने के लिए अधिक दूरी तय करनी पड़ रही है। उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि प्रस्तावित मोटर मार्ग का अन्तिम बिन्दु सेरा सुनाली हरड़कटिया मोटर मार्ग पर जाकर मिलता है, जिसके समीप प्रख्यात अलाईमल मन्दिर स्थापित है। उक्त मन्दिर में दर्शन हेतु श्रृद्धालु वर्षभर आते रहते हैं। उक्त मोटर मार्ग के निर्माण से चौबाटी क्षेत्र एवं लखती गांव क्षेत्र के बीच की दूरी कम होने से स्थानीय जनता को लाभ एवं मन्दिर दर्शन हेतु श्रृद्धालुओं को भी कम दूरी तय करनी पड़ेगी।"

उक्त के अतिरिक्त प्रस्तावित स्थल का वन क्षेत्राधिकारी डीडीहाट एवं प्रस्तावक विभाग के साथ संयुक्त निरीक्षण किया गया, जिसकी निरीक्षण आख्या संलग्न कर प्रेषित है।

संलग्नः— यथोक्त।

भवदीय,

(आशुतोष सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी,
पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ़।